# राजस्व पर्षद, बिहार।

**सं.सं.– 3/ बे0 राज–19/2016–**

**प्रेषक,**

**आनन्द वर्द्धन सिन्हा,**
**सदस्य,**
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**

**सेवा में,**

**प्रधान सचिव,**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,**
**बिहार, पटना।**

**निदेशक,**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,**
**बिहार, पटना।**

**पटना, दिनांकः–..........................**

**विषयः– बेतिया में सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए बेतिया राज की जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**महाशय,**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक–572, दिनांक–05.04.2016 (छाया प्रति संलग्न) के आलोक में व्यवस्थापक, बेतिया राज, बेतिया के पत्रांक–114, दिनांक–22.04.2016 द्वारा बेतिया में सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय के लिये नक्शा सहित 10 (दस) एकड़ भूमि की विवरणी उपलब्ध कराया गया है (छाया प्रति संलग्न)।

2. संबंधित कानून की सुसंगत धारा के अन्तर्गत कोर्ट ऑफ वार्डस जैसा, माननीय उच्चत्म न्यायालय द्वारा व्याखित किया गया है, के आलोक में कोर्ट ऑफ वार्डस के रूप में इस प्रस्ताव में आनन्द वर्द्धन सिन्हा, सदस्य, राजस्व पर्षद अपनी स्वीकृति एवं सहमति एवं अनुमोदन प्रदान एवं व्यक्त करता हूँ।

3. अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से उक्त भूमि का निरीक्षण कराने की कृपा की जाय ताकि इस संबंध में बेतिया राज की जमीन (बरवत फॉर्म) पर तत्काल सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय अविलंब खोलने की समुचित कार्रवाई सुनिश्चित एवं सम्पन्न करायी जाये।

**अनुलग्नकः–यथोपरि।**

**विश्वासभाजन**
**ह0/–**
**(आनन्द वर्द्धन सिन्हा)**
**सदस्य,**
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः-3/ बे0 राज-19/2016-** 758 **पटना, दिनांकः-** 25-04-2016

**प्रतिलिपिः-** विकास आयुक्त, बिहार, पटना/ माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान आप्त सचिव, बिहार, पटना/ माननीय मंत्री, प्रभारी पश्चिम चम्पारण, के आप्त सचिव/ आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ जिलाधिकारी/ समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, व्यवस्थापक, बेतिया राज, बेतिया को सूचनार्थ एवं समुचित कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.4.16

**सदस्य,**
**राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।**